Title: Need to open a post office at Vrindavan in District Ghajipur of Saidpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री तूफानी सरोज (सैदपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे चुनाव क्षेत्र सैदपुर, जनपद गाजीपुर, (उत्तर प्रदेश) के अन्तर्गत विकास खंड सादात में एक गांव सभा वृन्दावन है जिस की आबादी पांच हजार से भी अधिक है। इस गांव सभा में पोस्ट ऑफिस नहीं होने से गांव सभा के लोगों को डाक संबंधी सभी कामों के लिए रोजाना लगभग पांच किलोमीटर दूर हुरमुजपुर हाल्ट जाना पड़ता है जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। गर्मी और बरसात के दिनों में आने-जाने में लोगों को और भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस गांव सभा के लोग लम्बे अर्से से यहां एक पोस्ट ऑफिस खोलने की मांग करते आ रहे हैं। इस संबंध में गांव सभा के लोगों ने कई दरख्वास्तें भी दी लेकिन उस पर आज तक विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई नही की जा सकी है। अतः सरकार से हमारी मांग है कि जनता की कठिनाइयों को देखते हुए गांव सभा वृन्दावन, विकास खंड सादात में एक पोस्ट ऑफिस खोलने के लिए वह विभाग से तत्काल कदम उठाने का निर्देश दे।